एक कोशिश

निवाला™

प्रतिदिन निःशुल्क भोजन वितरण

आइये आप और हम
मिलकर जरूरतमंदो
तक पहुँचायें "निवाला"

स्मारिका
अक्टूबर 2020



TATA
TATA STEEL
शक्तिशाली टाटा
शक्ति जी सी शीट
काम ज़्यादा,
दाम नहीं!
मूल्य की करो परख
फ़िर खरीदो बेधड़क
TATA SHAKTEE
अधिक चौड़ी
समान्तर नालियां
TATA
SHAKTEE
गर्व से जीयो
अधिक जिंक की
कोटिंग के साथ
Toll Free No.: 18001088282
ऑथोराइज्ड डिस्ट्रीब्यूटर
बिहानी एन्टरप्राइजेज
एस-1, ऊषा प्लाजा, आकाशवाणी के सामने, एम.आई. रोड, जयपुर
मो. 9799398135
* विज्ञापन

कमलाबाई चेरिटेबल ट्रस्ट
निवाला एक कोशिश
स्मारिका - वर्ष 4
अंक-7, अक्टूम्बर 2020

श्री श्री 1008 श्री चेतनदास जी महाराज
(यज्ञ सम्राट)

मुख्य संपादक :
देवेन्द्र शर्मा

प्रबन्ध सम्पादक :
सुरेन्द्र शर्मा

उप सम्पादक :
पिंकी चौहान
अनिल भूप

ग्राफिक्स डिजाइनर :
शिवम् पारीक

'निवाला' में प्रकाशित-लेखो में व्यक्त विचार लेखकों के है। इनसे-संपादक अथवा प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्रसारित लेख, तस्वीर या प्रचार में किसी भी प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र जयपुर होगा।

निवाला एक कोशिश™
प्रतिदिन नि:शुल्क भोजन वितरण

अनुक्रमणिका

विषय	पृष्ठ सं.
अनुक्रमणिका	03
संस्थान सर्टिफिकेटस	04
संपादकीय	05
करूणामयी माँ संत श्री कमला बाई	06
निवाला-एक कोशिश	07
सँवारे बचपन	08
सहायता की प्रतिक्षा में बालिकाएँ	09
खुशियों का पैगाम	10
संस्थान समाचार	11
संस्थान की गतिविधियाँ	12
श्रद्धांजली	13
लक्ष्मी पूजा फोटो	14
नवरात्रि	15
कोरोना योद्धाओं को नमन	16
कैसे बढ़ाए रोग प्रतिरोधक क्षमता	17
सहयोग आपका, प्रयास संगठित	18-20
सहयोग/सदस्यता फॉर्म	21
संस्था के स्वयंसेवक	22
सहयोगी हाथ	23
संस्थान के सहयोगी	24-25
सहयोग का माध्यम	26
संघर्ष से सफलता की ओर	27

कमलाबाई चेरिटेबल ट्रस्ट
नई राह - नई दृष्टि..! , ज्ञान वही - वही सृष्टि..!!

पंजीकृत कार्यालय : जी 1, कृष्णा विला, प्लाट न :113, आदिनाथ नगर, सिरसी रोड़ जयपुर - 302012 (राज.)
मुख्य कार्यालय : 155, माँ हिंगलाज नगर-बी, गाँधीपथ रोड़ पश्चिम, वैशाली नगर, जयपुर-302021 (राज.)
+91-7231-8888-00 / 11 / 22 / 33
info@kbctindia.org KamlabaiCharitableTrust YouTube KamlabaiCharitableTrust www.kbctindia.org

निवाला
एक कोशिश
प्रतिदिन निःशुल्क भोजन वितरण

कमलाबाई चेरिटेबल ट्रस्ट सर्टिफिकेट्स

Reg. No. 507 Delhi-2016-17

आई. एस. ओ.

Certificate of Registration

Awarded to

KAMLABAI CHARITABLE TRUST

REGD. OFFICE: F-281, UPPER GROUND FLOOR, WARD NO- 2, MEHRAULI, NEW DELHI - 110030, INDIA
CORPORATE OFFICE: G1, KRISHNA VILLA, P NO 113, ADINATH NAGAR, SIRSI ROAD, JAIPUR, RAJASTHAN, INDIA

It is Certified that Quality Management System of Organization has been audited and found to be in accordance with the requirements of

ISO 9001:2015

For the Scope of activities described below

SOCIAL SERVICES SUCH AS PROVIDING FOOD TO POOR PEOPLE, PROVIDING SHELTER HOMES, PROVIDING MEDICAL ASSISTANCE TO POOR PEOPLE, ORGANISING HEALTH SCREENING CAMPS, ORGANISING GREEN AND CLEAN DRIVE, PROVIDING EDUCATIONAL ASSISTANCE TO POOR AND ILLITERATE PEOPLE

Certificate No :	17DQ8U86		
Initial Registration Date :	07-10-2017	Issuance Date :	07-10-2017
Date of Expiry* :	06-10-2020		
Ist Surve. Due	07-09-2018	IInd Surve. Due	07-09-2019

Director

ROHS DAC IAF

फूड लाइसेंस

MEDICAL, HEALTH & FAMILY WELFARE DEPARTMENT
(Govt. of Rajasthan)
License
Under
Food Safety and Standards Act, 2006
(See Regulation 2.1.4(6))

अनुज्ञप्ति संख्या / License Number: 12218026001330

1. अनुज्ञप्तिधारी के पंजीकृत कार्यालय का नाम और पता / Name & Registered Office Address of Licensee — KAMLABAI CHARITABLE TRUST, P. NO-155, MAA HINGLAJ NAGAR-B, LALARPURA, GANDHI PATH ROAD, JAIPUR, Jaipur I (Rajasthan) - 302021
2. प्राधिकृत परिसरों का पता / Address of Authorized Premises — P. NO-155, MAA HINGLAJ NAGAR-B, LALARPURA, GANDHI PATH ROAD, JAIPUR, Jaipur-I Ward 13, Jaipur I(Rajasthan) -302021
3. कारोबार का प्रकार / Kind of Business — Caterer
4. For dairy business details of location with address and capacity of Milk Chilling Centers (MCC)/Bulk Milk Cooling Centers (BMCs)/Milk Processing Units/Milk Packaging Unit owned by the holder of license/RC — No
5. अनुज्ञप्ति का वर्ग / Category of License — State
6. This license is granted under and is subject to the provisions of FSS Act, 2006 all of which must be complied with by the licensee.

Stamp and signature of Designated Officer

स्थान / Place : Jaipur I
दिनांक / Date : 04/10/2019

State Licensing Authority under FSSA, 2006

विधिमान्यता और नवीनीकरण / Validation And Renewal

License Issue / Renewal Date	Period of validity	License Fee Paid	Items of Food products authorized to Manufacture/ Re-pack/ Re-label	Installed / Handling Capacity	Signature Of Designated Officer
29/08/2017	28/08/2019	Rs.6400.00(For Renewal)	Please refer to annexure for details.	Please refer to annexure for details	
29/08/2019	28/08/2021	Rs.6600.00(For Renewal)	Please refer to annexure for details.	Please refer to annexure for details	

*The Application for renewal of license shall be submitted 30 days prior to the expiry date mentioned above after which Rs. 100 per day will be charged up to the date of expiry.
Disclaimer-This License is only to commence or carry on food businesses and not for any other purpose.

12A

Office of the
Commissioner of Income Tax (E),
20th Floor, Tower-E2, Pratyaksha Kar Bhawan
Dr. S.P.Mukherjee Civic Centre, J.L.Nehru Marg,Delhi

NAME & ADDRESS: KAMLABAI CHARITABLE TRUST

Sub:-ORDER OF REGISTRATION U/S 12AA READ WITH SECTION 12A OF THE INCOME TAX ACT 1961

80G

Office of the
Commissioner of Income Tax (E),
20th Floor, Tower-E2, Pratyaksha Kar Bhawan
Dr. S.P.Mukherjee Civic Centre, J.L.Nehru Marg,Delhi

NAME & ADDRESS: KAMLABAI CHARITABLE TRUST, PROP NO.-F-281, UPPER GROUND FLOOR, WARD NO.2,MEHRAULI, NEW DELHI 110030

Sub:-ORDER UNDER SECTION 80G (5)(vi) OF THE INCOME TAX ACT, 1961

संपादकीय

जय श्री कृष्णा

आप सभी को ''नवरात्रि'' एवं ''दीपावली'' की हार्दिक शुभकामनाएं :-

एक पर्व–नवरात्रि नौ दिनो तक मनाया जाने वाला है, बुराइयों को अपने भीतर और समाज से दूर करलें। एक जीवन भी कम है समाज से अशिक्षा, गरीबी असमानता के दानवों का नाश करने के लिए यह पर्व व्रत हमें शक्ति और भक्ति का अहसास कराते है। हम मनुष्य होकर बहुत कुछ कर सकते है जुड़ कर, मिलकर, एक अभियान चलाकर।

आंकडो के अनुसार देश में प्रत्येक दिन लोग सडकों पर या घरो मे भी भूखे सोते है। लगभग 15 करोड व्यक्ति प्रतिदिन विना भोजन के रह जाते है और दूसरी तरफ लगभग 15 से 20 करोड़ लोगों का पेट भर सके, इतना भोजन व्यर्थ हो जाता है।

मैं जब गरीब असहाय को सड़कों के किनारे, फुटपाथ या अस्पतालों के प्रांगण मे सोते देखता हूं, तो विचार आता है क्या ये भोजन कर सो रहे होगें ? छोटे–छोटे बच्चे शहर की सड़को पर रेड लाईट सिग्नल होने पर जब आकर खड़े हुए एक आशा भरी नजर से देखते है, तो उसमें मुझे एक ''निवाला'' के लिए ही प्रार्थना नजर आती है।

तब एक भावना जागती है, एक जिम्मेदारी का भाव आता है, कि हमें इस भूख के विरूद्ध और इस आशा भरी नजर के लिए कुछ करना है, एक व्यक्ति अकेले यह जिम्मेदारी पूरी कर पाए, ऐसी क्षमता न हो तो जिम्मेदारी बांट कर पूरी की जा सकती है। इस विचार को आगे बढाते हुए, ''निवाला एक कोशिश'' अभियान शुरू किया गया। एक लक्ष्य है कि प्रत्येक व्यक्ति तक हमे भोजन पहुँचाना है और यह अभियान सतत् जारी रहेगा संकल्प के साथ कि किसी भी दिन कोई व्यक्ति भूखा न सोये।

यू प्रत्येक के लिए परमात्मा आते नहीं है, जब नर मे नारायण बसे तो वो दिखते यही है।

इस नवरात्रि के अवसर पर

हम शपथ ले बच्चो के लिए जो शहर कि गलियों, सड़कों पर असहाय घूमते है किसी प्रकार अपना पेट भरने के लिए जो हमसे हो सके वह सहायता उन तक पहुंचे यह प्रयास जारी रखें।

– देवेन्द्र शर्मा
(संस्थापक)

करूणामयी माँ संत श्री कमलाबाई

हे ईश्वर... मुझे लेने के नहीं अधिक देने के योग्य बनाओं

व्यक्ति जब जन्म लेता है वह सुख–दुख से अभभिज्ञ होता है फिर भी भूख बच्चे को सिखा देती है रोना और वह सुनकर माँ हदय सें, प्रकृति से उसे दूध पिलाकर शांत करती है।

ईश्वर ने मनुष्य के साथ एक भावना जोड़, उसे पशु–प्रवृति से पृथक (अलग) किया है, कि वह दूसरे मनुष्य की दुख–पीड़ा को समझकर,उसे दूर कर, सुख पाता है। इस प्रकार वह अपने भीतर ईश्वरत्व को प्राप्त कर, परमानंद का अनुभव करता है और यह आनंद हम सभी प्राप्त कर सकते है। असहाय, दीन की सहायता कर,किसी भूखे व्यक्ति तक एक निवाला पहुँचा कर, आप निर्धन जरूरतमंद की सहायता कर , अपने ईश्वर द्वारा दिए गए मनुष्य जन्म को सार्थक करें,परमानंद को पाए संस्कृति और मनुष्यता की रक्षा करे।

''निवाला'' 'एक कोशिश'

एक कदम मानवता की ओर...

कमलबाई चैरिटेबल ट्रस्ट निरन्तर आगे बढ़ा रही कदम। संस्था द्वारा संचालित योजना द्वारा जयपुर के सरकारी अस्पतालों में दूर गांव–गांव से अपने परिजनो के इलाज के लिए आए लोगों में प्रतिदिन नि:शुल्क भोजन वितरण किया जाता है।

इसमें एस.एम.एस. अस्पताल, बांगड़ अस्पताल, ट्रोमा सेन्टर आदि शामिल है। यह कार्य गत 4 वर्षो से लगातार हो रहा है। एक कोशिश के सहयोगी जन स्वयं आगे बढ़ कर भोजन वितरण कर पुण्य लाभ कमा रहे है। हम भी अपने धन में से कुछ अंश और थोडी सेवा, प्रेम बांटे तो, इस प्रयास को सफल कर सकते है, कि कोई व्यक्ति भूखा ना सोये। आरंभ में थोड़े व्यक्तियों द्वारा ही सहयोग–सेवा प्राप्त हुई और आज यह एक अभियान बन गया है। निवाला एक कोशिश ने कोरोना–19 समय में जब लॉक–डाउन प्रथम चरणों मे रहा, आमजन के सामने सबसे बड़ी समस्या ,भोजन की आयी तो उस समय पर भोजन सेवा का हर संभव प्रयास कर पहुँचाया। संस्था निरन्तर 365 दिन भोजन सभी तक पहुंचाने का लक्ष्य पाने में सफल रही।

इस अभियान में जितने लोग जुड़े कम है। सहयोग के कारण ही छुट्टी हो या कोई त्यौहार, तूफान या बारिश भोजन की श्रृंखला नही टूटती है । यह जारी है और जारी रहे, इसके लिए एक प्रयास आवश्यक है आपकी ओर से भी और यह निरन्तरता बनी रहेगी हालात अवश्य ही बदलेगें।

प्रत्येक जरूरतमंद को, पहुचाएं भोजन।
संस्था का पूरा हो, यह सार्थक प्रयत्न।।
नर मे नारायण बसे, सिखाती संस्कृति हमारी।
ईश्वर ने जिन्हे बनाया सक्षम, आभार जताने की उनकी बारी।।
प्रत्येक जरूरतमंद को मिले निवाला, सतत् रहे प्रयास जारी।

शिक्षा अंधियारे जीवन में उजाला लाती है। एक बालक या बालिका के जीवन में शिक्षा द्वारा बहुत बड़ा परिवर्तन लाया जा सकता है, ऐसी कई मिसालें समाज में हमने देखी है।

शिक्षा दुनिया के विषय में, अपने कर्त्तव्यों के साथ ही अपने अधिकरों का भी ज्ञान कराती है। आंकड़ो के अनुसार हमारे देश में लगभग 35 करोड़ लोग आज भी अशिक्षित है, जिसमें महिलाओं की संख्या अधिक है, गरीबी, अज्ञानता और साधनों के अभाव में बालिकाएं, शिक्षा से वंचित रह जाती है और शिक्षित न होने के कारण उनका हर स्थान पर शोषण होता है, वे अपने अधिकारों को भी नही जानती है। एक शिक्षित बालिका एक परिवार,समाज एवं देश दुनिया को एक बेहतर, अधिक सुदृढ़ भविष्य दे सकती है।

इसलिए कमलाबाई चैरिटेबल ट्रस्ट ने बालिका शिक्षा हेतू एक पहल की है, संवारें बचपन, इस अभियान के अर्न्तगत आर्थिक रूप से कमजोर व सुविधाओं से वंचित बालिकाओं को गोद लेकर, उनकी शिक्षा व पोषण की जिम्मेदारी उठाई जाती है। जिससे वे बालिकाए जो पढ़ना चाहती है, प्राथमिक शिक्षा के स्तर पर जिन्होने अच्छा प्रदर्शन किया है, कुछ बनने की इच्छा रखती है उनके सपनों को उड़ान मिले। वे दुनिया में, समाज में नाम रोशन कर सके आप इस पुण्य कार्य के सहयोगी बनें।

संवारे बचपन बालिकाओं का, एक पहल हमारी है। यह सफल होगा प्रयास, साथ आप उपकारी है।।
आपके सहयोग से यह कठिनता,सरल बन जाएगी। सहायता छोटी से छोटी, सेवा भी, व्यर्थ न जाएगी।।
हम अंश प्रभु के, मिलकर निस्वार्थ भाव से। आगे आए स्वप्रेरणा और एक चाह से ।।
जो ठाने तो बना सकतें, सागर पर सेतू। जब हो तन-मन-धन से, प्रतिबद्ध असहाय हेतू।।

निवाला एक कोशिश
प्रतिदिन निःशुल्क भोजन वितरण



संवारे बचपन

बालिकाओं द्वारा दी गई एक अपील

सेवामें

श्रीमान व्यवस्थापक
कमला बाई ट्रस्ट जयपुर

विषय :– आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाने बाबत

मान्यवर

उपरोक्त विषय में नम्र निवेदन है कि मैं राजकीय उ० मा० विद्यालय मण्डा भिण्डा पंस. गोविन्दगढ़ जिला जयपुर II की कक्षा VII की छात्रा हुँ मेरे माता पिता की मृत्यु हो चुकी है तथा मैं आगे पढाई जारी रखना चाहती हैं अतः मुझे आपकी ट्रस्ट से आर्थिक सहायता दिलवाने की कृपा करे आपकी अती कृपा होगी ताकि मैं अपनी पढाई जारी रख सकूं।

धन्यवाद आदर सहित

पूजा भील

[signature]
प्रधानाचार्य
रा. आ. उ. मा. विद्यालय,
मण्डा–भिण्डा (जयपुर–I)

पुजा भील
कक्षा VI
रा. उ. मा. वि. मण्डा भिण्डा
गोविन्दगढ़ (जयपुर)

सहायता की प्रतीक्षा में बालिकाऐं

- खुशी शर्मा
- स्वाति शर्मा
- नेहा शर्मा
- सपना बुनकर
- पायल बुनकर
- अनिता शर्मा
- निधि
- सुशीला जाटवा
- दसीका मलीक
- निकिता शर्मा
- अनुष्का शर्मा
- निकिता मीणा
- नमिता मीणा
- हमिता मीणा
- अर्चना बुनकर
- वन्दना जोशी
- आयुषी कंवर
- पूजा भाकर
- ज्योति भाकर
- जेनिफर मीणा

क्रमशः

आओ आप और हम मिलकर थाम लें
देश की बेटीयों का हाथ, और संवारे उनका बचपन...!

संवारे बचपन

खुशियों का पैगाम

दीपावली

दीपावली पर संस्था के दानदाताओं के द्वारा एवं पदाधिकारियों के माध्यम से खुशियों को बढ़ाते हुए गोद ली गई बालिकाओं, कन्याओ के घर पर जाकर शुभकामनाएं, आशीर्वाद और भेट, मिठाई देकर त्यौहार को अधिक उत्साह पूर्ण बनाया गया।

रक्षा-बंधन

3 अगस्त को संवारे बचपन अभियान के अन्तर्गत गोद ली गई बालिकाओ से रक्षा-बंधन पर कमलाबाई चैरिटेबल ट्रस्ट व सहयोगी दान-दाताओ के द्वारा बालिकाओं से रक्षा-सूत्र बंधवा कर, उनके घर जाकर मिठाई, ज्यूस एवं वस्त्र उपहार स्वरूप देकर प्रेम एवं रक्षा के संकल्प के त्यौहार को मनाया, इन कन्याओं के जीवन में एक मुस्कुराहट लाने का सार्थक प्रयास किया गया।

जन्माष्टमी

श्री कृष्ण के जन्म को दिवस को हर वर्ष भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी, को कृष्ण जन्माष्टमी सम्पूर्ण भारत वर्ष में बड़े हर्षउल्लास के रूप मे मनाया जाता है। यह त्यौहार हिंदू धर्म के परम्परा को दर्शाता है एवं सनातन धर्म का बहुत बडा त्यौहार है। भारत से दूर अन्य देशो में बसे भारतीय भी इस त्यौहार को धूम-धाम से मनाते है। इस त्यौहार के महत्व को समझते हुए कमलाबाई चैरिटेबल ट्रस्ट ने अपनी योजना संवारें बचपन के अंतर्गत, गोद ली हुई बालिकाओं एवं संस्था के पधाधिकारी एवं कार्यकताओ के साथ श्री कृष्ण जन्मोत्सव बडी धूम-धाम से मनाया। इसी अवसर पर दानदाता श्रीमान् अनिल कुमार भार्गव जी ने अपनी धर्म-पत्नी स्वं रंजना भार्गव की पुण्य स्मृति में इन बालिकाओं को वस्त्र प्रदान किये। इस अवसर पर संस्था के पधाधिकारी एवं कार्यकताओ का साथ रहा उन्होनें बालिकाओं का उत्साहवर्धन किया।

संस्थान समाचार

गणतन्त्र दिवस-26 जनवरी उत्सव

कमलाबाई चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा समाज के उत्थान और राष्ट्र के प्रति कृतज्ञता सदा ही प्रकट की जाती है।

इसी क्रम में संस्था द्वारा गत 26 जनवरी को एक छोटा-सा कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसके अन्तर्गत संस्था द्वारा गोद ली गई बेटियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, बालिकाओं को मिठाई एवं प्रोत्साहन स्वरूप पुरूस्कार बाटे गए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्रीमान करनसिंह खाचरियावास जी द्वारा झण्डा रोहण किया गया व अतिथि गण भूतपूर्व कर्नल श्रीमान लक्ष्मण सिंह जी, ऐडवोकेट श्रीमान भूपेन्द्र पारीक जी, ऐडवोकेट श्रीमान नरेन्द्र वशिष्ठ जी, श्रीमान शिवचरण सिंह जी ने बेटियों को चेक प्रदान कियें। करूणामयी मां संत श्री कमलाबाई, संत श्री अभय दास जी व गांधी पथ व्यापार मंडल के सभी दुकान दार उपस्थित रहे।

-जय हिन्द

वस्त्र वितरण

संस्था के पदाधिकारी वस्त्र वितरण करते हुए।

संस्था द्वारा बालिकाओं को स्मार्ट कलर किट भेंट करते हुए।

वृक्षारोपण

संस्था द्वारा 101 पीपल के पेड़ लगाने का लक्ष्य है।

कम्बल वितरण

संस्था के पदाधिकारी कम्बल वितरण करते हुए।

संस्थान की गतिविधियाँ

लॉकडाउन मे राशन एवं भोजन वितरण

हमारी संस्कृति का मूल भाव है समभाव अगर हमारे पास एक रोटी है और व्यक्तिभूखा है तो हम आधी रोटी उस व्यक्तिको देकर मिल बांट कर खाने में विश्वास करते हैं। इसी तरह हर उस व्यक्ति को खाना मिले जो अनजान शहर में परिस्थितिवश भोजन का प्रबन्ध नही कर पा रहा है। जो आज कोरोना महामारी की वजह से लगे लोकडाउन में बहुत ही परेशान व भूखा रहा और स्थितियाँ अभी भी सुधरी नही है बल्कि ओर ज्यादा खराब हो गई है। घरों में झाड़ू करने वाले जिन्हे लोगो ने अभी काम देना शुरू नही किया, चोखटी से मजदूरी करने वाले और न जाने कितने ही लोग ऐसे मिल जायेंगे जो काम कर के पेट भरना चाहतें हैं परन्तु मजबूर है भूखे रहने को, कर्ज मांग कर काम चलाने को लेकिन वो भी नही मिल रहा। इन में कुछ ऐसे भी हैं जो भूख से मर जायेंगे मगर इज्जत के डर से ना तो मांग सकते और ना ही किसी खाने की गाड़ी में कतार से लग सकते है। ऐसे ना जाने कितने लोग हैं जो जयपुर में अलग-अलग स्थानों पर अलग-अलग बस्तियों में रहते हैं जिन्हें इन्तजार है कुछ काम मिले।

भूख तो दोनो समय लगती ही है। उन लोगों की इस व्यथा को संस्थान ने समझा और आप के सहयोग से इसका समाधान भी करने की कोशिश की। आप की संस्था कमलाबाई चौरिटेबल ट्रस्ट ने किट बनायें, जिसमें में।(5 किलो आटा, 10 किलो चावल, 3 किलो दाल, 1 लीटर तेल, 1 किलो नमक, मिर्च, हल्दी, धनिया यानी टोटल किट का वजन 21 किलो है) ऐसे 250 किट तैयार किये गये और एक सर्वे कर जरूरतमंदो को बाँटे गये। इससे एक संतोष, एक तृप्ति और सुकून का अहसास लिए हुए चेहरे नजर आने लगे। और इस पावन लक्ष्य की प्राप्ति में बहुत सारे महानुभाव सहभागी बने है। जब उद्देश्य नेक और आत्मसंतुष्टि प्रदान करने वाला हो तो कारवाँ अपने आप बनता चला जाता है। संस्था, समाज व देश को आप जैसे भामाशाहो पर गर्व है। और आपका साथ ही हमारी शक्ति है...

जब सम्पूर्ण भारत देश कोरोना वायरस की वजह से लॉक-डाउन का पालन कर रहा था। तो बहुत से ऐसे लोग भी थे, जो अपने परिवार से दूर मजदूरी करने आये हुऐ थे। और लॉक-डाउन की वजह से उनका रोजगार छिन गया, भारत सरकार ने यातायात साधन बंद कर दिये।

तब मजदूर तबके के लोग भूखे प्यासे, बेघर होकर पैदल ही,अपने घरो को चल दिये, तब कमलाबाई चैरिटेबल ट्रस्ट ने सामाजिक जिम्मेदारी मानते हुए, उनको नि:शुल्क भोजन वितरण करने का कार्य प्रारम्भ किया और करीब 5000 तक लोगो को प्रतिदिन भोजन वितरण किया, इसे पहले 300 से 500,1000, 2000, फिर 4000 तक बढाया गया। ये सब हुआ आप सभी दानदाताओं के सहयोग से हम आभारी है,उन सभी दानदाताओं के जिन्होने इस महामारी में भी संस्था का साथ दिया। हम उन सभी का धन्यवाद करना चाहते है और ईश्वर से प्रार्थना करते है। कि आप सभी सदा खुश रहे, मुस्कुरातें रहें, स्वस्थ रहें आप के घर सुख समृद्धि रहे।

नेत्र मानव शरीर का सबसे महत्वपूर्ण अंग है, आत्मा का आईना और एक ध्येय तक पहुचने का नेत्र द्वार है। यह आपके मन की वास्तविक भावनाओ कों जाहिर करते है और अगर यही नेत्र देखना बंद करदे तो सम्पूर्ण संसार अर्थहीन बन जाता है ।

इनके खराब होने पर आंखें अगर एक गरीब की हो तो उसकी एक उम्मीद की किरण भी एक अन्धेरे मे खो जाती है। इसलिए कमलाबाई चैरिटेबल ट्रस्ट ने आई केयर अभियान का प्रारम्भ किया, जिसके तहत गरीब वृद्धो के लिए नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा का आयोजन किया जाता है। इस शिविर मे केलगरी आई हॉस्पिटल के विशेषज्ञ डॉक्टरो द्वारा पीड़ितों की आंखो की जॉच कर, उन्हे नि:शुल्क दवाइयों का वितरण किया जाता है।

1. 1 दिसम्बर 2019 को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, ग्राम मंडा-भिण्डा (ब्लॉक गोविंदगढ़) में नेत्र शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 28 लोगों का मोतियाविंद का ऑपरेशन, 208 लोगो को नजर के चश्मे, 255 लोगों को नि:शुल्क दवाइयां बांटी गयी, शिविर में श्रीमान बजरंग लाल अग्रवाल जी का पूर्ण सहयोग रहा।

2. 12 जनवरी 2020 को जय अम्बे सीनियर सैकंडरी स्कूल, ग्राम रायथल (जालसू) में नेत्र शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 23 मोतियाबिंद के ऑपरेशन किये गये, 175 लोगों को नि:शुल्क दवाइयां दी गई। इस शिविर में डॉ. सरिता भार्गव जी का पूर्ण सहयोग रहा। नि:शुल्क 80 नजर के चश्मे भी बांटे गये। जिसके लिए सहयोग श्रीमान् बाके विहारी शर्मा जी की ओर से रहा ।

श्रद्धांजली

आपका जीवन, कठिन परिश्रम, मिलनसारिता एवं समाज के प्रति समर्पण
की भावना व मधुर व्यवहार हमारे लिए आदर्श एवं अनुकरणीय है,
आपकी पावन स्मृति व यादें हमारे दिल में सदैव बनी रहेगी।
'' निवाला'' परिवार अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित करता है।

गौरीशंकर गुप्ता (महरवाल)
देवलोक गमन : 20-10-2019

स्व. श्री पारसमल जैन
देवलोक गमन : 13-08-2020

श्रीमती प्रवीण अहूजा
देवलोक गमन : 28-08-2020

यदि आप भी अपने किसी स्वर्गवासी परिजन की श्रद्धांजलि देना चाहें तो उनका नाम, पुण्यतिथि व जीवनी हमें भेजे, जिससे हमें भी उन्हें अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित करने का अवसर प्राप्त हो।

थोड़ी खुशियाँ बांट कर देखो, अपनी खुशियाँ बढ़ जाएंगी।
गम के दिनों की आंधी, सावन में वर्षा सी बरस जाएगी।।
भूखे–प्यासे है जो तन–मन, भर झोली दे, दो उनको अन्न।
पहने आधे वस्त्र, दीन हीन जो, आप सजा दो उनके अंग।।
पढ़ना चाहते है जो मन से, पर पढ़ नहीं पाए, है निर्धन।
जब शिक्षा उन्हें मिलेगी, किस्मत उनकी संवर जाएगी।।
हम जो कुछ सहायक हो, तो दिशा बदल जाएगी।
बन देखो छोटा सा सहयोगी, तब गरीबी भी मुस्कुराएगी।।
समस्त भारतीयों से हैं, प्रार्थना करें थोड़ा–थोड़ा सहयोग।
जितना, जो जैसा हो करिएगा, जुडे, कमलाबाई चेरिटेबल ट्रस्ट से लोग।।
थोड़ी खुशियाँ बाँट कर देखों, सुधर जायेगा इहलोक–परलोक

शुभ
लाभ

जय मां दुर्गे

नव–रात्रि शक्ति की आराधना, उपासना करने, शक्ति को पहचान कर,उसका उचित समय, उचित स्थान पर उचित प्रयोग करने का पर्व है। संचित करें अपनी ऊर्जा को, शक्ति को, भक्ति को, सेवा की उस भावना को समयानुसार काम में लेने का त्यौहार है।

उपवास व्रत, साधना कर हम शक्ति को ,जागृत कर पाप अज्ञानता, बुराई का अन्त करने की क्षमता पाएं । शुद्ध शरीर, समाज, व्यवहार बना सकें। यह पर्व, व्रत सिखाते है, नौ दिनों मे प्रकृति के स्त्रीरूप को पहचाननें, मानने, शक्ति रूप को पहुँचा कर अपनी प्रार्थना को, अपने उपर सदा कृपा बनाएं रखने का विश्वास नौ दिन व्रत करे, पूजन करे ,संयंम साधना करे, शक्ति का वंदन करे, जिसे तीनों रूप में श्रेष्ठ माना गया ।तो लक्ष्मी, सरस्वती, शक्ति 3 रूपों में प्रकृति का स्त्री रूप जो प्रत्येंक रूप में पूजनीय है ,वंदनीय है, उसे नमन करें ।

संस्था द्वारा बालिका रूप में जो शक्ति समाज को उजियारा देती है, उसे प्रकाशित होकर आगे बढाने का प्रयास किया जा रहा है। यह सार्थक हो ऐसी प्रार्थना मां दुर्गा के नौ रूपो से सदैव ही करें और इस अवसर का लाभ आपको, आपके परिवार को मिले ऐसी हमारी प्रार्थना सदैव ही रहेगी।

नव–रात्रि मनाएं जाने का कारण है शक्ति की पूजा, अपनी शक्ति को संचित करना, बुराई का नाश करने में, इस शक्ति का उचित प्रयोग करे।

श्री राम ने शक्ति की आराधना की, रावण पर विजय पायी, अच्छाई की बुराई पर जीत हुई, और सत्य की जीत होती है, इस धारणा को बल मिला।

हम नवरात्रि में नौ दिनों के लिए शक्ति रूपा, मां दुर्गा की स्थापना कर आवाह्न करते है और अपने भीतर शक्ति को जागृत कर उसे अपने कष्टों, दुखों और सामाजिक बुराइयों का नाश करने में प्रयोग करते है ।

आज कोई दानव समाज की हानि कर रहे तो ,वे है गरीबी, भूख, अशिक्षा, असमानता आदि। हम संस्था के साथ सहयोग कर इन बुराइयों पर विजय पाएं ,इनका विनाश हो ऐसा प्रयास सतत् जारी रखें ऐसी प्रार्थना मां दुर्गा से करते है।

कमलाबाई चैरिटेबल ट्रस्ट परिवार की ओर से
आप व आपके परिवार सभी को नवरात्रि और
दिपावली की हार्दिक शुभकामनाएं ।

व्यस्थ रहे, स्वस्थ रहे। खुश रहे, मस्त रहे।।

कोरोना योद्धाओं को नमन

विश्व पर जब कोरोना संकट छाया तो चारो ओर ही निराशा का वातावरण व्याप्त हो गया। समय अपने आप में इतना बोझिल हो गया, कि लॉक–डाउन जैसी स्थिति आने पर व्यक्ति अपने ही घर में कैदी सा अनुभव करने लगा।सडको पर निकलना निषेध, सामाजिक दूरी की पालाना, बाहर से कोई वस्तु नहीं मिल पा रही थी।सूचना के साधनों पर ही जीवन निर्भर रहा।

इस समय को भी संचार माध्यमों के द्वारा व्यतीत किया गया । इन माध्यमों ने साबित भी की अपनी उपयोगिता।

परिवार–जन जो, अपने ही में सीमित हो गए थे।कुछ धीरे–धीरे और कुछ तेज जिंदगी को दौड़ जीतने की होड़ में लगे थे, रिश्तें जो बस निभाए जा रहे थे, जिए नही जा रहे थे, अपने असली रूप में निखरे।फोन के माध्यम से लोग दूर होकर भी दिल से करीब हुए।

ऐसे शुभचितंको। परिजनों के भी हाल–चाल जानने–बताने का समय मिला और लोगो ने जाना कि मनुष्य को बहुत सारी सुविधाओ की आवश्यकता नहीं है।मन में शांति और मूलभूत जरूरतें ही बहुत है अच्छा, सुखद जीवन जीने के लिए।ऐसे गुण और खूबियां हमे अपने परिवार जनों माता–पिता की जानने को मिली, जिसका हमें ज्ञान भी नही था। व्यक्तियों को स्वयं कि रूचियों के लिए समय मिला, सभी के कुछ गुण निखरें और चमके।नए व्यंजनो का घर पर ही स्वाद मिला ।

जो समर्थ नही थे, उन्हे भी असहाय नही छोडा गया। समाज ने संदेश दिया उन लोगों की मदद हो।मनुष्य सामाजिक प्राणी है और वह इस लिए हजारों वर्षो से विद्‌यमान है, क्योकि उसमे मै कि भावना न होकर, हम का अहसास जागता है, जब भी कोई संकट, आपदा आती है।

इस कार्यो में सरकारी तन्त्र, पुलिस,चिकित्सकीय व्यवस्था में कार्य कर रहे कर्मियों ने विशेष रूप से योगदान दिया।पुलिस विभाग ने विशेष कर्त्तव्यों का निर्वाह पूरी शक्ति से किया।सिर्फ डयूटी का पालन न कर उससे कही आगे परिवार से भी पहले, सामाजिक फर्ज को निभाया, वे प्रणाम के अधिकारी है, उन्हें शत् शत् नमन और आभार व्यक्त करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है।

चिकित्सा कर्मियो ने ऐसे समय जब अन्य व्यक्ति का स्पर्श भी वर्जित हो गया, उस समय अपने पेशे के गौरव को सार्थक किया और निभाया उस फर्ज को जिसके लिए वे इस क्षेत्र में आए है।मनुष्य जीवन की रक्षा करना ही प्रथम है।सैनटाइजेशन, डिस्टेन्सिंग का पालन किया, कष्ट कारक पी. पी. ई. किट पहन कर, गर्मी के भीषण प्रकोप के बीच लोगो की सेवा की।दिन रात नही देखा उन्हे कोटि कोटि नमन।

तीसरे रूप मे कमला बाई चैरिटेबल ट्रस्ट जैसी संस्थाए जिन्होने निर्बल, निःसहाय को भोजन, राशन पहुँचाने का पूरा जी–जान से प्रयास किया और हजारो लोगो तक पहुँचाया, भोजन जो ऐसे समय प्रथम आवश्यक सुविधा थी।तब संस्था ने अपने संकल्प द्वारा इस कठिन, लेकिन सहयोग द्वारा आसान हुए कार्य को पूरा किया।

संस्थान की पाँच गाड़ियों व 35 लोगों व सभी दानदाताओ के सहयोग से जयपुर के निम्न स्थानों पर जैसे जगतपुरा, सीतापुरा, जवाहरनगर में गीता भवन, शास्त्री नगर, शास्त्री नगर थाना, सीकर रोड़, झोटवाड़ा, खातीपुरा पुलिया, सिरसी रोड़, बजरी मंडी रोड़, गांधीपथ, विनोबाभावे नगर, अलपना कॉलोनी, 200 फुट बाई पास, सुशीलपुरा, निमेड़ा, अजमेर रोड़, बंगाली बस्ती, हरीजन बस्ती, पंजाबी बस्ती, त्रिवेणी नगर, अयोध्या नगर व कानोता अंचरोल और अन्य स्थानों पर भोजन पहुचांया और राशन पैकेट वितरण का अभियान चलाया।इस कार्य सम्पादन में सहयोगी जनो का भरपूर योगदान रहा, विशिष्ट व्यक्तियों ने स्वयं आगे बढ़कर संस्था के प्रयास को सराहना करते हुए योगदान किया ।संस्था ने जो बीड़ा उठाया, उसे आपके सहयोग के बगैर पूरा करना असम्भव था।हम आप सभी का आभार प्रकट करते है, कोटि कोटि नमन् करते है।

– कमला बाई चैरिटेबल ट्रस्ट

एक कोशिश निवाला™
प्रतिदिन निःशुल्क भोजन वितरण

कैसे बढ़ाए रोग प्रतिरोधक क्षमता

हम ने मार्च में जब खुद को कैद किया था, तो केवल गिने चुने मामले ही थे। आज राजस्थान में 1,25,000 से ज्यादा हैं, और आगे कुछ महीनों में हो सकता है कि आंकड़े करोड़ों में हो। घबराने से काम नहीं चलेगा, ''सतर्कता'' व ''समझदारी'' अब जरूरी है। विज्ञान कहता है कि अगर किसी बच्चे को उसके जन्म से लेकर जवानी तक किसी ऐसी जगह रखा जाए, जहां उसे कभी जुकाम, खांसी, बुखार ना हो तो एक समय बाद उसके शरीर को यदि जुकाम भी हो गया तो गम्भीर रूप से बिमार हो जाता है इस के आगे मजबूत रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित होती हैं तब शरीर उन कीटाणु के प्रतिरोधक क्षमता बना लेता है ।

तो सही तरीका क्या है ?

सही तरीका है खुद के शरीर को, अपने परिवारजन को, अपने बच्चों को इसके लिए तैयार करना। आज नहीं तो कल हम सब को बाहर निकलना ही पड़ेगा। चाहे मजबूरी में ही सही।

तो आइए इस समय अपनी और अपने बच्चो के शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करें। अगर हम उनको सदा के लिए सुरक्षित रखना चाहते है तो.. ! !

कुछ सुझाव :-

(1) 30 - 60 मिनट प्रतिदिन व्यायाम व योग का नियम बनाएं। उम्र कोई भी हो आपकी। खुद के लिए इतना तो कर ही सकते हो।
(2) खुद को और अपने बच्चों को ज्यादा से ज्यादा शारीरिक मेहनत की आदत डाले। मशीनों की बजाय खुद के शरीर पर विश्वास रखें।
(3) पैदल चलना, साइकिल चलाना, सीढ़ी चढ़ने की आदत अब अच्छी आदतों में शुमार हो गई हैं। कार, स्कूटर का लालच दूर रखें।
(4) धूप में सारे विटामिन और जीवन के लिए जरूरी तत्व हैं।
(5) प्रकृति से जुड़ाव करना होगा।
(6) गर्म पानी का सेवन करने की आदत डालें।
(7) आंवला, अदरक, नीबू, गिलोय, फल, सलाद, अंकुरित अनाज, आयुर्वेदिक खाद्य जैसी कुदरती चीजों को हम पैक्ड व जंक फूड के चलते भूल गए थे, उनको ही अब अपने आहार में शामिल करना जरूरी है। आज सभी चिकित्सक व अनुसंधान बोल रहे हैं कि इनका उपयोग करो।
(8) अपने जीवन में बैंक की किस्तों का बोझ जितना कम हो सके इतना अच्छा है। आवश्यकता असीमित ना हो। उस पर मंथन करना जरूरी है।
(9) घर छोटा होगा, कार छोटी होगीय लेकिन यकीन मानिये, मन में ष्सुकूनष्होगा व जीवन व्यवस्थित होगा।
(10) जिन बच्चों और परिवार के लिए हम जो ये सब कर रहे हैं, वो भी हमारे साथ कम सुविधा में भी खुश हों, ये उनको समझाना होगा।
(11) संकट के समय के लिए कमाई का कुछ हिस्सा बचत का प्रावधान करना, अब अत्यंत जरूरी होगा।
(12) ज्यादा से ज्यादा सुविधा देने के चक्कर में हमने बच्चों का फायदा कम, नुकसान ज्यादा कर दिया है।

याद कीजिए.. ! ! अपने वो दिन जब रोटी पर नमक-मिर्ची लगा कर खा जाते थे और मस्त रहते थे।

बच्चों को सुरक्षित भविष्य देना सही है, परन्तु उनकी आदत में हद से ज्यादा सुविधा नहीं देनी है। खुद करके आगे बढ़ने की प्रेरणा देना जरूरी है। बच्चों की दिनचर्या पर ध्यान देना होगा।

आज नहीं तो कल आप सब को घर से बाहर निकलना ही पड़ेगा। आप अपनी शरीर की प्रकृति के हिसाब से खुद की ''प्रतिरक्षा प्रणाली'' को मजबूत कीजिए।

खुद को शारीरिक व मानसिक रूप से मजबूत करना ही सिर्फ इस विषाणु से ही नहीं, बल्कि हर बीमारी से बचने का सही हल है।

कुल मिलाकर सार ये है कि बड़े बुजुर्ग जो कहा करते थे एवं किया करते थे। वे अपनी आवश्यकताओं को सीमित रखते थे, सीमित खर्च में जीवन यापन करते थेय चाहे पारिवारिक हो या सामाजिक, शारीरिक मेहनत करते थे, परिवार का महत्व समझते थे। उन सभी बातों को जीवन में आत्मसात करना होगा और बच्चों को भी समझाना होगा।

जीवन जीने के तरीके में आमूल-चूल परिवर्तन लाना ही पड़ेगा, तभी जीवन आनंद व सुकून देने वाला होगा।

परिवार के सदस्य कृपया ध्यान दें।

(1) कोई भी खाली पेट न रहे। (2) उपवास न करें।
(3) रोज एक घंटे धूप लें। (4) AC का प्रयोग कम करें।
(5) गरम पानी पिएं, गले को गीला रखें। (6) सरसों का तेल नाक में लगाएं।
(7) घर में कपूर वह गूगल जलाएं। (8) आधा चम्मच सोंठ हर सब्जी में पकाते समय डालें। (9) रात को दही ना खायें। (10) बच्चों को और खुद भी रात को एक-एक कप हल्दी डाल कर दूध पिएं। (11) हो सके तो एक चम्मच चयव्नप्राश खाएं। (12) घर में कपूर और लौंग डाल कर धूनी दें। (13) सुबह की चाय में एक लौंग डाल कर पिएं। (14) फल में सिर्फ संतरा ज्यादा से ज्यादा खाएं।
(15) आंवला किसी भी रूप में चाहे अचार, मुरब्बा, चूर्ण इत्यादि खाएँ

यदि आप ''कोरोना'' को हराना चाहते हैं तो कृपा करके ये सब अपनाइए। आप सबसे हाथ जोड़ कर प्रार्थना है, आगे अपने जानने वालों को भी यह जानकारी भेजें।

''दूध में हल्दी आपके शरीर में प्रतिरक्षातंत्र को मजबूत बनाएगा।''

आप सुरक्षित रहें, घर पर रहें।

महत्वपूर्ण सूचना

कोरोनावायरस से उत्पन्न परिस्थितियों के कारण कई परिवार पूरी तरह कोरोना से पीड़ित हो गए हैं एवं घर पर ही कोरोनटाईन हो रहे हैं लेकिन खाने की समस्या हो रही है। इस समस्या को कुछ हद तक दूर करने के लिए जयपुर में कमलाबाई चौरिटेबल ट्रस्ट की निवाला योजना द्वारा निःशुल्क भोजन की व्यवस्था शुरू की गई है आप इस सम्बन्ध में हमसे संपर्क कर सकते हैं।

सम्पर्क सूत्र : - 7231888800, 7231888822, 155, मां हिंगलाज नगर-बी, लालरपुरा, गांधी पथ (पश्चिम), वैशाली नगर, जयपुर

निवाला
एक कोशिश
प्रतिदिन निःशुल्क भोजन वितरण

